# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FIRST TERM EXAMINATION (18 September 2023)
## HINDI COURSE - B
### Class – X (Set – A)

**Time allowed : 3 hours** | **Maximum Marks : 80**

**सामान्य निर्देश:**

- **इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।**
- **खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**
- **निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**
- **दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

**1. नीचे दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- *1 x 5 = 5***

सोना तपने पर कंचन बनता है। ठीक यही. बात आदमी के साथ भी है। हमारे धर्मग्रंथों में कहा गया है कि दुनिया में सबसे दुर्लभ आदमी का शरीर है। सारे प्राणियों में आदमी को ऊँचा माना गया है और वह इसलिए के आदमी के पास बुद्धि है, विवेक है। संसार में जितनी चीज़ें आविष्कृत हुई हैं, सब बुद्धि के ज़ोर पर हुई हैं। आज हज़ारों मील की यात्रा घंटों में हो जाती है। यह सब आदमी की बुद्धि से ही संभव हुआ है। जिसके पास इतनी चीज़ें हों कि वह धन या दुनियादारी की चीज़ों के पीछे भटके, यह उचित नहीं है। बुद्धि का प्रयोग उसे बराबर आगे बढ़ने के लिए करना चाहिए। जिन्होंने ऐसा किया है, उन्होंने मानवता की बड़ी सेवा की है। उनका नाम अमर हो गया है। धन का खोट आदमी को तब मालूम होता है, जब वह खरा बनने लगता है । खरा बनने का अर्थ यह नहीं है कि इंसान घर-बार छोड़ दे, जंगल में चला जाए और भगवान के चरणों में लौ लगाकर बैठा रहे। बहुत-से लोग ऐसा करते भी हैं, पर यह रास्ता सबका रास्ता नहीं है। दुनिया में ज़्यादातर लोगों का वास्ता अपने घर के लोगों से ही नहीं, दूसरों के साथ भी पड़ता है। उत्तम पुरुष वह है, जो अपनी बुराइयों को दूरकरता है और नीति का जीवन बिताते हुए अपने देश और समाज में काम आता है, सबसे प्रेम करता है और सब के सुख-दुःख में काम आता है।

1. बुद्धि-विवेक का प्रयोग किस कार्य में होना चाहिए?

क) सफ़र को आसान बनाने वाली खोजों में। (ख) अधिक से अधिक धन-दौलत जुटाने में।

ग) निरंतर स्वयं का विकास करते रहने में।(घ) भौतिक सुख-सुविधाओं को प्राप्त करने में।

2. सभी प्राणियों में मानव को सर्वश्रेष्ठ क्यों माना गया है?

क) उसके पास मौजूद बुद्धि और विवेक के कारण।

ख) पशुओं से भिन्न विशेष शारीरिक संरचना के कारण।

A-1

Scanned with CamScanner

(ग) उसके पास मौजूद धन और दौलत के कारण।

(घ) उसके द्वारा की गई विविध खोजों के कारण।

3. धन की निरर्थकता का अहसास कब होता है?

(क) जब उससे मनचाही वस्तु नहीं मिल पाती है।

(ख) घर-संसार का त्याग कर संन्यास ग्रहण करने पर ।

(ग) यह पता चलने पर कि इससे प्राप्त सुख वास्तविक नहीं है।

(घ) यह पता चलने पर कि इनकी मौजूदगी खतरे का कारणहै।

4. धर्मग्रंथ किसे दुर्लभ बताते हैं?

(क) अमर होने को (ख) बुद्धि-विवेक को (ग) भौतिक उपलब्धि को (घ) मानव तन को

5. 'श्रेष्ठ' कौन है?

(क) प्रेम और मानवता में विश्वास करने वाला। (ख) निरंतर अपना आर्थिक विकास करने वाला।

(ग) भक्ति और शक्ति में विश्वास करने वाला। (घ) निरंतर अपना शैक्षणिक विकास करने वाला।

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: 5 x 1 = 5**

शोर से होने वाली बहरेपन की बीमारी एक गंभीर स्वास्थ्यगत समस्या है। तेज़ आवाज़ हमारी श्रवण कोशिकाओं पर बहुत दबाव डालती है, जिससे वे स्थायी रूप से चोटिल हो सकती हैं। यदि सुनने की क्षमता एकबार चली गई तो उसे पुनः पाना नामुमकिन है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की 'वर्ल्ड हीयरिंग रिपोर्ट' के मुताबिक विश्व की 1.5 अरब आबादी बहरेपन के साथ जी रही है। ध्वनि प्रदूषण दरअसल ऐसे अवांछित विद्युत चुंबकीय संकेत हैं, जो इंसान को कई रूपों में नुकसान पहुँचाते हैं। इसीलिए, शोर-प्रेरित बहरेपन पर फौरन ध्यान देने की ज़रूरत है। वैश्विक अध्ययन बताते हैं कि निर्माण कार्य, औद्योगिक कामकाज़, जहाज बनाने या मरम्त करने संबंधी काम, अग्निशमन, नागरिक उड्डयन आदि सेवाओं में लगे श्रमिकों में शोर-प्रेरित बहरेपन का खतरा अधिक होता है। आकलन है कि 15 फीसदी नौजवान संगीत-कार्यक्रमों, खेल-आयोजनों और दैनिक कामकाज़ में होने वाले शोर से बहरेपन का शिकार होते हैं। शोर-प्रेरित बहरनेपन की समस्या विकासशील देशों में ज़्यादा है, जहाँ तीव्र औद्योगीकरण, अनौपचारिक क्षेत्र के विस्तार और सुरक्षात्मक व शोर-नियंत्रणरोधी उपायों की कमी से लोग चौतरफा शोर-शराबे में दिन- बिताने को अभिशप्त हैं। हमें यह समझना ही होगा कि श्रवण-शक्ति का ह्रास न सिर्फ इंसान को प्रभावित करता है, बल्कि समाज पर भी नकारात्मक असर डालता है।

**(i) शोर-प्रेरित बहरेपन का खतरा किस क्षेत्र से जुड़े लोगों को कम है ?**

(a) जहाज-निर्माण से जुड़े लोगों को (b) स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को

(c) खेल-आयोजनों से जुड़े लोगों को (d) संगीत-कार्यक्रमों से जुड़े लोगों को

A-2

Scanned with CamScanner

**(ii) गद्यांश के संदर्भ में अनुपयुक्त कथन है-**

(a) विकासशील देशों में अनौपचारिक क्षेत्र विस्तार की समस्या नहीं है।

(b) विकासशील देशों में शोर-नियंत्रणरोधी उपायों पर अधिक ध्यान नहीं दिया जाता है।

(c) कुछ सेवाओं से जुडे लोग अन्य की तुलना में बहरेपन के अधिक शिकार हैं।

(d) कुछ खास सेवाओं से जुड़े युवा भी आज बहरेपन का शिकार हो रहे हैं।

**(iii) विकासशील देशों के लोगों के जीवन को अभिशप्त क्यों कहा गया है ?**

(a) उनका जीवन अनेक सामाजिक संकटों से घिरा है। (b) उनका जीवन अनेक आर्थिक संकटों से घिरा है

(c) वे खराब सेहत वाली विवश ज़िंदगी बसर करते हैं। (d) वे शोर-शराबे से भी जिंदगी जीने को विवश हैं।

**(iv) तीव्र आवाज़ का हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**

(a) तंत्रिका-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त (b) श्रवण- कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त

(c) रक्त कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त (d) हृदय कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त

**(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:**

**कथन (A)** - वर्तमान में श्रवण शक्ति का ह्रास एक सार्वजनिक समस्या बन गई है।

**कारण (R)** - आर्थिक विकास की अनियमित होड़ इस समस्या के मूल कारणों में से एक है।

a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

c) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

d) कथन (A) सही है परंतु कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।

**3.निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उचित विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए-** **1×4=4**

**3(i) <u>दशरथ पुत्र राम</u> ने रावण को मार गिराया। रेखांकितपदबंध है-**

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

**3(ii) <u>चोट खाए हुए तुम</u> भला क्या खेलोगे ?रेखांकित पदबंध का नाम है-**

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

**(iii) <u>सामने की दुकान पर चाय पीने वाला</u> लड़का अपने घर चला गया। रेखांकित पदबंध का नाम है-**

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

**(iv) अभावों की जिंदगी जीने वाले वे लोग करकहे लगा रहे थे।वाक्य में विशेषण पदबंध है**

(क) अभावों की जिंदगी (ख) अभावों की जिंदगी जीने वाले

(ग) अभावों की जिंदगी जीने वाले वे (घ) अभावों की जिंदगी जीने वाले वे लोग



Scanned with CamScanner

**3(v) आँखों से बातें करने वाला वह सच्चा अभिनेता था। वाक्य में सर्वनाम पदबंध है**

(क) आँखों से बातें करने वाला (ख) आँखों से बातें करने वाला वह

(ग) वह सच्चा अभिनेता (घ) बातें करने वाला

**4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिए- (1×4 = 4)**

**(i) कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| 1. बिल्ली आई और दूध पी गई। | (i) सरल वाक्य |
| 2. यह वही पुस्तक है, जो मैंने तुम्हें दी थी। | (ii) संयुक्त वाक्य |
| 3. परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। | (iii) मिश्र वाक्य |

विकल्प

(क) 1 (i) 2 (ii) 3 (iii) (ख) 1 (ii) 2 (i) 3 (iii) (ग) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i) (घ) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii).

**4(ii). 'तताँरा को देखकर वामीरो फूट-फूटकर रोने लगी।' वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा-**

(क) ततॉरा को देखा और वामीरो फूट-फूटकर रोने लगी।

(ख) जैसे ही ततॉरा को देखा, वामीरो फूट-फूटकर रोने लगी।

(ग) वामीरो ने ततॉरा को देखा, इसलिए फूट-फूटकर रोने लगी।

(घ) ततॉरा को देखते ही वामीरो ने फूट-फूटकर रोना आरंभ कर दिया।

**4 (iii) निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य हैं-**

(क) भाई साहब उछले और पतंग की डोर पकड़ ली।

(ख) भाई साहब ने उछलकर पतंग की डोर पकड़ ली।

(ग) भाई साहब ने उछलते ही पतंग की डोर पकड़ ली।

(घ) जैसे ही भाई साहब उछले, उन्होंने पतंग की डोर पकड़ ली ।

**4(iv). 'एक ज़माना था कि लोग आठवाँ दरजा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे।' रचना की दृष्टि से वाक्य है-**

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) सामान्य वाक्य।

**4(v) .निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटिए-**

(क) जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो।

(ख) भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे।

(ग) मैं उनकी लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता।

(घ) वे तो वही देखते हैं जो पुस्तक में लिखा है।



Scanned with CamScanner

5. निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए- (1×4 = 4)

(i) 'राजदूत' में कौन-सा समास है?

(क) कर्मधारय (ख) द्वंद्व (ग) तत्पुरुष (घ) अव्ययीभाव

(ii) 'चौराहा' में कौन-सा समास है?

(क) तत्पुरुष (ख) द्विगु (ग) द्वंद्व (घ) बहुव्रीहि

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-

| समस्तपद | समास |
|---|---|
| (i) त्रिफला | (i) द्विगु समास |
| (ii) महापुरुष | (ii) द्वंद्व समास |
| (iii) घनश्याम | (iii) द्वंद्व समास |
| (iv) महात्मा | (iv) अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं-

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii) (ग) (ii) और (iv) (घ) (ii) और (iii)

(iv) 'दूध-दही' में कौन-सा समास है?

(क) द्वंद्व (ख) तत्पुरुष (ग) द्विगु (घ) अव्ययीभाव

(v) 'अव्ययीभाव समास' के लिए कौन-सा समस्त-पद सही है?

(क) सौदागर (ख) प्रतिदिन (ग) चंद्रमुख (घ) चौपाई

6. निम्नलिखित मुहावरों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (1 X 4 = 4)

6(i) सुधीर आज भी पुरानी दकियानूसी बातें छोड़ने को तैयार नहीं है। वह............ है।

(क) बगुला भगत (ख) भीगी बिल्ली (ग) लकीर का फकीर (घ) मिट्टी का माधो

6(ii) रीता की सुन्दर लिखावट देखकर शिक्षिका ने ........... ली।

(क) तलवार खींचना (ख) आँखें बिछाना (ग) दाँतों तले उँगली दबाना (घ) आँखे फेरना

6(iii) दुष्ट व्यक्ति को चाहे जितना समझाओ, उसके .............। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(क) छाँह न छूने देना (ख) मक्खी नाक पर न बैठने देना

(ग) कान पर जूँ न रेंगना (घ) बाल बाँक न होना

6(iv) परीक्षा में नकल करते समय आज अनेक छात्र .........। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(क) घड़ों पानी पड़ना (ख) रंगे हाथ पकड़ना (ग) आपे से बाहर होना (घ) अक्ल का दुश्मन।



Scanned with CamScanner

6(v). हमारे सैनिक इतने बहादुर हैं कि अपने शत्रुओं के............ देते हैं। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(क) छक्के छुड़ाना (ख) ज़मीन पर पाँव न रखना (ग) सुध-बुध खोना (घ) जान बख्श देना।

6(vi). चोर ने घर में .............. सभी गहने चुरा लिए। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(क) दबे पाँव आना (ख) बगलें झाँकना (ग) आगे-पीछे फिरना (घ) आँखों में धूल झोंककर ।

7. निम्नलिखित पठितकाव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए (5)

'मनुष्य मात्र बंधु है' यही बड़ा विवेक है,<br>
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।<br>
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं,<br>
परन्तु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद हैं।<br>
अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे,<br>
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

1. 'मनुष्य मात्र बंधु-है' से क्या तात्पर्य है?

(क) मनुष्य मात्र को परस्पर भाई-बंधु समझना (ख) मनुष्य मात्र को अलग-अलग समझना

(ग) मनुष्य-मात्र के अलग-अलग कर्म होना (घ) मनुष्य-मात्र के द्वारा सहयोग करना ।

2. अनर्थ क्या है?

(क) भाई का भाई से लगाव (ख) भाई का भाई से अलगाव

(ग) भाई-भाई में घृणा का भाव न होना (घ) भाई-भाई में सहानुभूति का भाव।

3. प्रत्येक मनुष्य अपना बंधु कैसे है?

(क) एक देश में जन्म लेने से (ख) एक गाँव में जन्म लेने से

(ग) एक परमात्मा की संतान होने से (घ) एक परिवार में जन्म लेने

4. मनुष्य मात्र में भेद क्यों उत्पन्न होता है?

(क) भिन्न जलवायु के कारण (ख) कर्मों की भिन्नता के कारण

(ग) भिन्न देशों में जन्म के कारण (घ) भिन्न खान-पान के कारण।

5. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

(i) मनुष्य वही है जो अपने लिए मरता है। (ii) मनुष्य वही है जो परिवार के लिए मरता है।

(iii) मनुष्य वही है जो स्वार्थ के लिए मरता है। (iv) मनुष्य वही है जो मनुष्य के लिए मरता है।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए-

(क) केवल (iv) (ख) केवल (i) (ग) केवल (ii) (घ) केवल (iii)

कौ

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए (2)

1. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

i) ईश्वर और अज्ञान का निवास साथ-साथ ही होता है।

ii) ईश्वर और अहंकार में परस्पर विरोध भाव नहीं है।

iii) ईश्वर और अहंकार में परस्पर सहयोग का भाव होता है।

iv) ईश्वर और मैं-भाव साथ-साथ निवास नहीं कर सकते।

कबीर के दोहों से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए-

(क) केवल (iv) (ख) केवल (ii) (ग) केवल (i) (घ) (i) और (iii)

**2. 'ऊँचा-ऊँचा महल बनावां बिच-बिच राखूँ बारी से' क्या तात्पर्य है?**

(क) श्री कृष्ण के ऊँचे-ऊँचे महल के बीच में खड़े होने की बारी मेरी है।

(ख) श्री कृष्ण ऊँचे-ऊँचे महलों में मुझे रखेंगे ।

(ग) मीरा श्री कृष्ण के ऊँचे-ऊँचे महल के बीच फुलवारी बनाएँगी ।

(घ) उपर्युक्त सभी।

**9. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए- *(1 × 5 = 5)***

'तीसरी कसम' यदि एकमात्र नहीं तो चंद उन फिल्मों में से है जिन्होंने *साहित्य-रचना के साथ शत-प्रतिशत* न्याय किया हो। शैलेंद्र ने राज कपूर जैसे स्टार को 'हीरामन' बना दिया था। हीरामन पर राज कपूर हावी नहीं हो सका और छींट की सस्ती साड़ी में लिपटी 'हीराबाई' ने वहीदा रहमान की प्रसिद्ध ऊँचाइयों को बहुत पीछे छोड़ दिया था। कजरी नदी के किनारे उकडू बैठा हीरामन जब गीत गाते हुए हीराबाई से पूछता है। 'मन समझती हैं न आप?' तब हीराबाई जुबान से नहीं, आँखों से बोलती है। दुनिया भर के शब्द उस भाषा को अभिव्यक्ति नहीं दे सकते। ऐसी ही सूक्ष्मताओं से स्पंदित थी 'तीसरी कसम'। अपनी मस्ती में डूबकर झूमते गाते गाड़ीवान 'चलत मुसाफ़िर मोह लियो रे पिंजड़े वाली मुनिया।' टप्पर गाड़ी में हीराबाई को जाते हुए देखकर उनके पीछे दौड़ते-गाते बच्चों का हुजूम-'लाली-लाली डोलिया में लाली रे दुलहनिया', एक नौटंकी की बाई में अपनापन खोज लेने वाला सरल हृदय गाड़ीवान ! अभावों की जिंदगी जीते लोगों के सपनीले कहकहे।

**(क) राज कपूर जैसे स्टार को हीरामन बना देने का क्या परिणाम हुआ?**

(i) हीरामन पर राज कपूर हावी हो गया। (ii) हीरामन पर राज कपूर हावी नहीं हो सका।

(iii) राज कपूर, हीरामन के चरित्र के साथ न्याय नहीं कर पाए। (iv) राज कपूर और हीरामन दोनों का व्यक्तित्व अलगरहा।

**(ख) हीरामन की बात का उत्तर हीराबाई कैसे देती हैं?**

(i) क्रोध से (ii) आँखों से (iii) मुख से (iv) दुःख से

**(ग) वहीदा रहमान की प्रसिद्ध ऊँचाइयों को किसने पीछे छोड़ दिया?**

(i) हीराबाई के चरित्र ने (ii) हीरामन ने (iii) शैलेंद्र ने (iv) राज कपूर ने

Scanned with CamScanner

(घ) 'तीसरी कसम' फिल्म में किसका वर्णन हुआ है?

(i) सरल हृदय वाले गाड़ीवान का (ii) अभावों में जीवन जीते लोगों का

(iii) नौटंकी की बाई हीराबाई का (iv) उपरोक्त सभी

**(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

कथन (A) हीरामन पर राजकपूर हावी नहीं हो सका।

कारण (R) राजकपूर अत्यंत प्रसिद्ध, अनुभवी और कुशल कलाकार थे। इस फिल्ममें गाड़ीवान हीरामन की भूमिका में विशुद्ध देहाती गाड़ीवान लगते थे।

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ii) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैंतथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्याकरता है।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए**

**(i)'तुम मेरे समीप आ गए हो' से बड़े भाई साहब का तात्पर्य यह है- उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

*(i)* कक्षा में एक दर्ज़ा नीचे हो। *(ii)* साथ में खेलते हो। (iii) अच्छे दोस्त हो। (iv) उम्र में बराबर हो गए हो।

(क) केवल *(i)* (ख) केवल *(ii)* (ग) (ii) और (iii) (घ) (iii) और (iv)

**(ii) हरीशचंद्र सिंह ने ध्वज कहाँ फहराया?**

(क) मोनुमैंट के नीचे (ख) स्टागर सुंदरी पार्क में (ग) श्री मंतानंद पार्क में (घ) इनमें से कोई नहीं।

## खंड 'ब'

## वर्णनात्मक प्रश्न (अंक : 40)

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए (3 × 2 = 6)**

(i) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ आपको देश की आज़ादी के इतिहास को पढ़ने के लिए किस प्रकार प्रेरित करता है?

(ii) पढ़ाई और परीक्षा के प्रति बड़े साहब और छोटे भाई के दृष्टिकोण में क्या मौलिक अंतर है? आपके विचार से दोनों में सामंजस्य किस प्रकार बैठाया जा सकता है?

(iii) प्रेम संबंध किसी धर्म, जाति और सीमा के पाबंद नहीं होते- 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए।



Scanned with CamScanner

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए (3 × 2 = 6)

क) पाठ में तोप की कौन-कौन-सी दो स्थितियाँ दिखाई गई हैं?उनके द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहता है?

ख) मनुष्य की वाणी में मिठास कब आती है?

ग) मीरा ने हरि से स्वयं का कष्ट दूर करने की जो विनती की है उसमें स्वयं का कौन सा संबंध बताया है? जिन भक्तों के उदाहरण दिए गए हैं उसमें से एक पर की गई कृष्ण कृपा को संक्षेप में लिखिए।

**प्रश्न 13.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए (3 × 2 = 6)**

(1) पंद्रह बीघे ज़मीन के लालच ने किस तरह लोगों के आपसी सद्भाव को बिगाड़ दिया था? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर संक्षेप में लिखिए। यह घटना आपके मन पर क्या प्रभाव डालती है?

(2) बच्चों के लिए खेल और पढ़ाई की व्यवस्था करना अभिभावकों का कर्तव्य है। क्या लेखक और उसके साथियों के अभिभावकों ने यह कर्तव्य निभाया? इस विषय में आपके अभिभावकों की क्या भूमिका है?

(3) 'हरिहर काका' कहानी में आपने पढ़ा कि हरिहर काका का, महंत और उसके साथियों ने अपहरण कर लिया। कल्पना कीजिए कि आप एक पत्रकार हैं। आपको हरिहर काका के महंत की गिरफ़्त में होने का पता लगता है। आप किन बातों का खुलासा करेंगे और दूसरे लोगों पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

**14.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए (5)**

***आलस किया - सफलता गई**

1. आलस क्या है? 2. आलस की बुराइयाँ 3. सफलता के लिए क्या करें?

***• प्रगति की ओर भारत के कदम***

संकेत बिंदु : : 1. भारत का सूर्योदय 2. अमरीका भारत की आर्थिक प्रगति से चिंतित 3. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में भारत का दबदबा 4. आउटसोर्सिंग में भारत अग्रणी 5. भारत के उद्योग-धंधे विकास की ओर

*** जहाँ सुमति तहँ संपति नाना**

संकेत बिंदु : : 1. तात्पर्य 2. एकता और समृद्धि की मार्गदर्शिका 3. ज्ञान की राह द्वारा 4. कुमति से हानियाँ 5. सुमति से विकास और प्रगति

15. (I) चुनाव के दिनों में कार्यकर्ता घरों, विद्यालयों और मार्गदर्शक चित्रों आदि पर बेतहाशा पोस्टर आदि चुनाव लगा जाते हैं। इससे लोगों को होने वाली असुविधा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए 'नवभारत टाइम्स' पत्र के कॉलम 'हमारी आवाज़' के लिए पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

15(ii) अपने प्रधानाचार्य को स्कूल की संपत्ति को हानि पहुँचाने वाले छात्रों की जानकारी देते हुए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

16(ii) आप पी. चंद्रशेखरन हैं। आप ने अपने नाम को परिवर्तित कराकर पी. चंद्रशेखर किया है, इस संबंध में सूचित करने के लिए सूचना लिखिए। (4)



Scanned with CamScanner

**अथवा**

16(ii) आप अपने विद्यालय के छात्र प्रमुख हैं। आपके विद्यालय में विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम का • आयोजन किया जाना है। छात्रों को इसकी सूचना देने के लिए सूचना लिखिए।

17(i) आपके पिता श्रृंगार वस्तुओं के विक्रेता हैं। कोरोना माहमारी के कारण उनके कारोबार में मंदी आ गई। उनकी दुकान में बिक्री बढ़ाने के लिए लगभग 60 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **(3)**

**अथवा**

17(ii) लोकल फॉर वोकल (स्थानीय उत्पादों का प्रयोग) के प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए ।

18(i) एक मौलिक कथा लिखिए, जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो "आगे कुआँ पीछे खाई।" **(5)**

**अथवा**

18(ii) आप धनुष सांगवान/धनुषी सांगवान हैं। आपने ऑनलाइन लैपटॉप खरीदे हैं, परन्तु खरीदने के एक महीने के भीतर ही उसमें खराबी आ गई है। इस बात की जानकारी देते हुए उस उत्पाद (लैपटॉप) को बदलने का आग्रह करते हुए कम्पनी के ई-मेल पते पर ई-मेल लिखिए।



Scanned with CamScanner

# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FIRST TERM EXAMINATION (18 September 2023)
## HINDI COURSE - B
## Class – X (Set – B)

**Time allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**

**सामान्य निर्देश:**

- **इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।**
- **खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**
- **निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**
- **दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

**1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए। *1x5=5***

जानवरों में गधा सबसे बुद्धिमान समझा जाता है। हम जब किसी आदमी को पहले दर्जे का बेवकूफ कहना चाहते हैं तो उसे गधा कहते हैं। गधा सचमुच बेवकूफ है या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। गायें सींग मारती हैं, ब्याई हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है। कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है, लेकिन गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा। जितना चाहो उसे मारो, चाहे जैसी खराब सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी नहीं दिखाई देगी। वैशाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता हो; पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा। उसके चेहरे पर एक स्थायी विषाद छाया रहता है। सुख-दुःख, हानि-लाभ किसी दशा में भी उसे बदलते नहीं देखा। ऋषि-मुनियों के जितने गुण हैं, वह सभी उसमें पराकाष्ठा पर पहुँच गए हैं, पर आदमी उसे बेवकूफ़ कहता है। सद्गुणों का इतना अनादर कहीं नहीं देखा। कदाचित सीधापन संसार के लिए उपयुक्त नहीं है।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-**

**1. लेखक यह निश्चय नहीं कर पाता कि गधा बेवकूफ़ है यासीधा, क्योंकि उसके अनुसार-**

(क) गधा अपने-पराए की भावना से परे है। (ख) गधा क्रोध व कुलेल नहीं करता है।

(ग) गधा सीधा व सहिष्णु होता है। (घ) गधे के चेहरे पर हर्ष व विषाद होता है।

**2. गधे में ऋषि-मुनियों के कौन-कौन से गुण देखने को मिलते हैं?**

क) जप-तप करना (ख) समानता का भाव (ग) असंतोष की भावना (घ) कुलेल करना

**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

i) गधा सदैव चुप रहता है, उसे खुश होते हुए कभी नहीं देखा गया।

B-1

(ii) आदमी द्वारा दुर्व्यवहार करने व बेवकूफ कहने के कारण गधा दुःखी है।

(iii) गधा सदा प्रसन्न रहता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(क) केवल (ii) (ख) केवल (i) (ग) (ii) और (iii) (घ) (i) और (ii)

**4. गद्यांश में प्रयुक्त शब्दों 'छाया, निश्चय, अनायास' के लिए, क्रमशः उचित विलोम शब्द हैं-**

(क) असंतोष, अनिश्चय, छाया(ख) शीतलता, अनिश्चय, सायास

(ग) धूप, अनिश्चय, सायास(घ) वृक्ष, अनिश्चय, प्रयास ।

**5. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सहीविकल्प चुनकर लिखिए।**

कथन (A) : लेखक ने कहा कि सीधापन संसार के लिएउपयुक्त नहीं है।

कारण (R) : क्योंकि वे सद्गुणों के अनादर के लिएचिंतित हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं। (ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

(ग) कथन (A) गलत और कारण (R) सही है। (घ) कथन (A) सही और कारण (R) गलत है।

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए:** **5 x 1 = 5**

*अनुभवी व्यक्तियों का कहना है*, लक्ष्य चुनना ही काफ़ी नहीं होता, बल्कि उसे जितनी जल्दी चुना जाए, उतना ही बेहतर है। कई बड़े का. बिल लोग लक्ष्य चुनने में इतनी देर कर देते हैं कि उसे हासिल करने के लिए जीवन में समय ही नही बचता। इसीलिए स्कूली स्तर पर ही भाषा, गणित, विज्ञान समेत सभी विषयों के साथ-साथ खेल-कूद, नृत्य-संगीत जैसी विधाओं को भी पाठ्यक्रमों से जोंड़ा जाता है, ताकि कच्ची उम्र से ही बच्चे अपनी रुचि के अनुरूप जीवन का लक्ष्य तय कर उस दिशा में आगे बढ़ सकें। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि अपने शौक को लक्ष्य और फिर पेशे के रूप में चुनने से सफलता सुनिश्चित हो जाती है, क्योंकि इन्हें हासिल करने में इंसान अपना दिल दिमाग और ताकृत लगा देता है। लक्ष्य-निर्धारण में देरी का अर्थ ही दूसरों से पिछड़ना है। आमतौर पर बच्चे कहते हैं कि मैं बड़ा होक डॉक्टर, इंजीनियर या आई, ए.एस. बनूँगा, लेकिन इससे आगे बढ़ने का प्रयास नहीं करते। स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने तो किशोरावस्थ में ही गायिका बनने का प्रयास शुरू कार दिया था और इतिहास रच दिया। तय है, लक्ष्य के साथ जीना सीखने वाले मुड़कर नहीं देखते कई सारे उदाहरण हैं, जो बताते हैं कि सफलता का बड़ा हिस्सा लक्ष्य-निर्धारण में जल्दी या देरी पर टिका है। महज़ आठ वर्ष की आयु अमेरिकी तैराक माइकल फेलप्स ने तैराकी में ओलिम्पिक पदक जीतने का लक्ष्य साधा और आगे चलकर कुल अट्ठाईस पदक जीतक ओलिम्पिक रिकॉर्ड कायम कर दिया। शिवाजी महाराज ने कहा था 'एक छोटा कदम लक्ष्य-निर्धारण की ओर बाद में सम्पूर्ण लक्ष्य हासि करा देता है।' इसलिए सोच-विचार में समय गँवाने के बजाए लक्ष्य चुनिए और उड़ान भरना शुरू कीजिए।

**(i) अनुभवी व्यक्तियों का लक्ष्य-चयन के विषय में क्या मत है?**

(a) लक्ष्य सोच-विचार कर शीघ्र निर्धारित करना चाहिए।

B-2

(b) लक्ष्य

(c)

Scanned with CamScanner

(b) लक्ष्य-निर्धारण करने में बड़ों की सलाह लेनी चाहिए।

(c) लक्ष्य-निर्धारण करने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए।

(d) लक्ष्य-निर्धारण आर्थिक लाभ को देखकँर किया जाना चाहिए।

**(ii) स्कूली स्तर पर विभिन्न विषयों के साथ अन्य विधाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा क्यों बनाया जाता है?**

(a) बच्चों के दिमाग को कुछ समय आराम मिल सके।

(b) बच्चे रुचि के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ सकें।

(c) बच्चों को अन्य विधाओं की जानकारी मिल सके।

(d) बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन भी हो सके।

**(iii) गद्यांश में लेखक ने प्रसिद्ध व्यक्तियों के उदाहरण क्यों दिए हैं?**

(a) उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने के लिए।

(b) सही उम्र में लक्ष्य-निर्धारण की महत्ता समझाने के लिए।

(c) उनकी तरह परिश्रम कर महान् बनने के लिए।

(d) उनके जीवन के इतिहास से परिचित कराने के लिए।

**(iv) गद्यांश में प्रयुक्त 'उड़ान भरना' का अर्थ है:**

(a) सपने देखना (c) हवाई यात्रा करना (b) कल्पना करना (d) कोशिश करना

**(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:**

कथन (A) - अपने शौक को लक्ष्य और पेशा बनाने से सफलता सुनिश्चित हो जाती है।

कथन (R) - एक छोटा कदम लक्ष्य-निर्धारण की ओर बाद में सम्पूर्ण लक्ष्य हासिल करा देता है।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(c) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) गलत है कारण (R) सही है।

**3.निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उचित विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए-** **1×4=4**

**3(i) विशेषण पदबंध नहीं है-**

(क) रंग-बिरंगे बहुत सुंदर (ख) ऊबड़-खाबड़ और पथरीली

(ग) चिलचिलाती हुई धूप (घ) काले घुँघराले बालों वाला।



Scanned with CamScanner

3(ii) '<u>बंगले के पीछे लगा</u> पेड़ गिर गया।' वाक्य में रेखांकित है-

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध ।

3(iii) '<u>दो दिन पहले घर से लापता हुआ बालक</u> मिल गया।' वाक्य में रेखांकित है-

(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध।

3(iv) '<u>धीरे-धीरे नाव</u> पानी में डूबती चली गई।' वाक्य में रेखांकित है-

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध।

3(v) 'तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।' इस वाक्य में से संज्ञा पदबंध छाँटिए-

(क) तलवार एक (ख) ततॉरा की तलवार (ग) रहस्य थी (घ) विलक्षण रहस्य।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिए- (1×4 =4)

4(i) .कॉलम 1कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| 1 तालाब में कमल खिले हैं। | (i) मिश्रवाक्य |
| 2 जैसा करोगे, वैसा भरोगे। | (ii) संयुक्त वाक्य |
| 3 मैंने बहुत पूछा, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। | (iii) सरल वाक्य |

विकल्प : (क) 1 (iii) 2 (i) 3 (ii) (ख) 1 (i) 2 (ii) 3 (ii) (ग) 1 (ii) 2 (iii) 3 (i) (घ) 1 (i) 2 (iii) 3 (ii).

4(ii) 'आज्ञाकारी श्याम माता-पिता की सेवा करता है।' वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा-

(क) क्योंकि श्याम आज्ञाकारी है, इसलिए माता-पिता की सेवा करता है।

(ख) आज्ञाकारी होने के कारण श्याम माता-पिता की सेवा करता है।

(ग) श्याम आज्ञाकारी है, इसलिए माता-पिता की सेवा करता है।

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

4(iii) 'जापान में चाय पीने की एक विधि है, जिसे चा-नो-यू कहते हैं।' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा-

(क) जापान में चाय पीने की विधि को चा-नो-यू कहते हैं।

(ख) जापान में चाय पीने की विधि है और उसे चा-नो-यू कहते हैं।

(ग) जापान में जो चाय पीने की विधि है, इसे चा-नो-यू कहते हैं।

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

4(iv) 'खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात-भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।'- रचना की दृष्टि से वाक्य है-

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) संकेतवाचक वाक्य ।



Scanned with CamScanner

4(v) **संयुक्त वाक्य कहलाते हैं-**

(क) योजक शब्दों द्वारा जुड़े स्वतन्त्र वाक्य (ख) योजक शब्दों द्वारा जुड़े आश्रित वाक्य

(ग) योजक शब्दों द्वारा जुड़े निरर्थक वाक्य (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए- (4)**

**(i) 'कुलश्रेष्ठ' समस्त पद में समास है-**

(क) बहुव्रीहि (ख) तत्पुरुष (ग) कर्मधारय (घ) द्वंद्व

**(ii) 'आठ (अष्ट) सिद्धियों का समूह' शब्द समूह के लिएसमास है-**

(क) द्वंद्व (ख) अव्ययी भाव (ग) द्विगु (घ) कर्मधारय

**(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**

| समस्तपद | समास |
|---|---|
| (i) लम्बोदर | (i) द्विगु समास |
| (ii) पीतम्बर | (ii) द्विगु समास |
| (iii) अन्नजल | (iii) द्वंद्व समास |
| (iv) लाभ - हानि | (iv) द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं-

(क) केवल (i) (ख) केवल (iii) (ग) (iii) और (iv) (घ) (ii) और (iii)

**(iv) 'दानपात्र' शब्द के लिए समास है-**

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व (ग) द्विगु (घ) बहुव्रीहि

**(v) 'सप्तर्षि' में कौन-सा समास है?**

(क) द्विगु (ख) तत्पुरुष (ग) कर्मधारय (घ) द्वंद्व

**6. निम्नलिखित मुहावरों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (कोई चार) 1 X 4 = 4**

**6(i) दो दिन बाद भोजन मिलने पर वह उस पर.......... । रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए।**

(क) पगड़ी रखना (ख) टूट पड़ना (ग) नकेल हाथ में होना (घ) नानी याद आना

**6(ii) कभी नौकरी ढूँढ़ने निकलोगे तो.....................। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए**

(क) जमीन पर पाँव न रखना(ख) आटे-दाल का भाव मालूम होगा

(ग) दीवार खड़ी करना.(घ) नाम निशान मिटाना

**(iii) 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का सही अर्थ है**

(क) कुछ न करना (ख) थोड़े में बहुत कुछ कह देना

(ग) गागर में सागर का पानी भर देना (घ) लंबी-चौड़ी बातें करना



Scanned with CamScanner

6(iv) भारतीय सैनिकों ने पलक झपकते ही शत्रु सैनिकों का...........कर दिया।

(क) मार डालना (ख) जान बख्श देना (ग) काम तमाम कर देना (घ) जीवन नर्क करना ।

6(v) नाविक ने मोहन को उमड़ती हुई नदी पार कराने की............।

(क) कमर कसना (ख) लौ लगना (ग), खाक छानना (घ) लीक पकड़ना।

6(vi) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प चयन कीजिए-

(क) घुड़कियाँ खाना - साहस प्राप्त होना (ख) तलवार खींचना - सब कुछ नष्ट करना

(ग) पन्ने रँगना - व्यर्थ में लिखना (घ) आग-बबूला होना - अपने वश में रहना।

7. निम्नलिखित पठित काव्यांशपर आधारित प्रश्नों के उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए (5)

अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े
समक्ष ही स्वबाहु जो बढ़ा रहे बड़े-बड़े ।
परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी,
अभी अमर्त्य-अंक में अपंक हो चढ़ो सभी ।
रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

*1. अंतरिक्ष में कौन खड़े हैं?*

(क) सूर्य (ख) तारे (ग) नक्षत्र (घ) देवता।

2. अंतरिक्ष में खड़े देव अपनी बाहु क्यों बढ़ा रहे हैं?

(क) समृद्धि के लिए (ख) मार्गदर्शन के लिए (ग) मदद के लिए (घ) स्वस्थता के लिए।

3. कवि मनुष्य को किस प्रकार रहने की सलाह देता है?

(क) सहयोग की भावना से (ख) असहयोग की भावना से

(ग) हिंसा की भावना से (घ) ईर्ष्या की भावना से।

4.' परस्परावलंब' का आशय है-

(क) एक-दूसरे का सहयोग लेना या देना (ख) एक-दूसरे से घृणा करना

(ग) एक-दूसरे से शत्रुता करना (घ) एक-दूसरे से छल-कपट करना।

5. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

(i) अमर्त्य -अंक का प्रयोग ईश्वर के लिए

(ii) अमर्त्य-अंक का प्रयोग मनुष्य के लिए

(iii) अमर्त्य-अंक का प्रयोग उदार व्यक्ति के लिए

(iv) अमर्त्य-अंक का प्रयोग देवताओं की गोद के लिए

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii) (ग) केवल (iii) (घ) केवल (iv)

B-6

Scanned with CamScanner

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकरलिखिए-** (2)

**(i) 'तीनू बाताँ सरसी' का आशय स्पष्ट कीजिए।**

(क) मीरा भक्ति के तीनों रूपों (दर्शन, स्मरण, समर्पण) का सुख प्राप्त करेंगी

(ख) मीरा श्री कृष्ण से तीन बातें करेंगी

(ग) मीरा तीन वचन पूरे करेंगी

(घ) मीरा श्री कृष्ण से तीन बार मुलाकात करेंगी।

**(ii) 'तोप' कविता के कवि का नाम है-**

(क) वीरेन डंगवाल (ख) वीरिन डंगवाल (ग) सुमित्रानंदन पंत (घ) बिहारी।

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनिए :-** (5)

हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी होती है, लोक तत्त्व का अभाव। वे जिंदगी से दूर होती हैं। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरीफाई किया जाता है। दुःख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके। और 'तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दुःख को भी सहज स्थिति में, जीवन-सापेक्ष प्रस्तुत करती है।

मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है। वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन-लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी जिंदगी में थी वही उनके गीतों में भी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

**(क) भारतीय फ़िल्म की सबसे बड़ी कमजोरी किसे मानागया है?**

(i) लोक-तत्त्व का अभाव (ii) सुख की अतिशयता (iii) भावनाओं का अभाव (iv) धन का अधिक व्यय

**(ख) हमारी फ़िल्मों में त्रासद स्थितियों का चित्रांकन ग्लोरीफ़ाई क्यों किया जाता है?**

(i) दर्शक की रुचि को ध्यान में रखने के लिए (ii) दर्शकों का भावनात्मक शोषण करने के लिए

(iii) अधिक सजीव प्रस्तुति करने के लिए (iv) जीवन के आदर्श रूप का वर्णन करने के लिए

**(ग) 'तीसरी कसम' फिल्म की खास बात क्या थी?**

(i) सुख को सहज स्थिति में प्रस्तुत करना (ii) दुःख को सहज स्थिति में प्रस्तुत करना

(iii) सुख-दुख दोनों को सहज स्थिति में प्रस्तुत करना (iv) दर्शक के अनुसार वर्णन करना

**(घ) शैलेंद्र के गीतों की क्या विशेषता बताई गई है?**

(i) करुणा के साथ जूझने का संकेत (ii) केवल दुःखद स्थितियों का चित्रण

(iii) संगीतात्मक का अभाव (iv) कलिष्ट भाषा शैली

**(ङ) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य 'तीसरी कसम' की विशेषता दर्शाता है?**

1. 'तीसरी कसम' फिल्म में लोकतत्व का घोर अभाव था।
2. यह फ़िल्म लोक जीवन से कोसों दूर थी।



Scanned with CamScanner

3. 'तीसरी कसम' में दर्शकों का भावनात्मक शोषण करने के लिए दुख का वीभत्स रूप दर्शाया गया था।

4. 'तीसरी कसम' में दर्शकों का भावनात्मक शोषण नहीं किया गया था।

कूट

(i) केवल 1 (ii) 2 और 4 (iii) केवल 4 (iv) 2, 3 और 4

**10. .निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकरलिखिए-** **(2)**

**(i) बड़े भाई वर्तमान शिक्षा प्रणाली के विरुद्ध क्यों हैं?**

(क) खेलकूद पर जोर देती है (ख) किताबी कीड़ा बनाती है और वास्तविकता से दूर है

(ग) बहुत लाभदायक नहीं है (घ) उपर्युक्त सभी

**(ii) तताँरा और वामीरो कहाँ के रहने वाले थे?**

(क) तताँरा पासा का और वामीरो लपाती गाँव की थी

(ख) तताँरा लपाती और वामीरो पासा गाँव की थी

(ग) तताँरा लक्षद्वीप और वामीरो अण्डमान की थी

(घ) इनमें से कोई नहीं।

***11.. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए*** **(3 × 2 = 6)**

*(क) 'डायरी का एक पन्ना'* पाठ के आधार पर बताइए कि पुलिस नेकैसा दमनचक्र चलाया और क्यों? लोगों ने *कैसे उसका मुँहतोड़जवाब दिया?*

(ख) बड़ा भाई छोटे भाई पर शासन करने के लिए कौन-कौन-से उपाय करता है?

(ग) 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर तताँरा के चरित्र की विशेषताएँ बताइए।

**12..निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए** **(3 × 2 = 6)**

(क) 'तोप' कविता में तोप अपने आकार से भयभीत करती है परंतु बच्चे और चिड़ियाँ उसके साथ क्या करते हैं? इस उदाहरण से कवि क्या सिद्ध करना चाहता है?

(ख) मीरा ने अपना सेवा धर्म किस प्रकार निभाने की बात की है?

(ग) 'सुखिया सब संसार है खावे अरु सोवै....' में कबीर ने किस तथ्य पर प्रकाश डाला है?

**13 :निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए** **(3 × 2 = 6)**

(क) हरिहर काका ने ठाकुरबारी जैसी संस्था में ही रहना प्रारंभ कर दिया था, जबकि उनका प्रिय स्थान तो उनका घर था। उन्होंने ऐसा क्यों किया? उनके परिवार के लोगों के प्रति अपने विचार व्यक्त करके बताइए कि यदि आप उनमें से एक होते तो क्या करते?

(ख) "स्कूल हमारे लिए ऐसी जगह न थी जहाँ खुशी से भागे जाएँ"फिर भी लेखक और साथी स्कूल क्यों जाते थे? आज के स्कूलोंके बारे में आपकी क्या राय है? क्यों? विस्तार से समझाइए ।

B-8

Scanned with CamScanner

ग) लेखक गुरदयाल सिंह अपने छात्र-जीवन में छुट्टियों के काम को पूरा करने के लिए योजनाएँ तैयार करते थे। क्या आप कीयोजनाएँ लेखक की योजनाओं से मेल खाती हैं? उदाहरण देकरस्पष्ट कीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दु के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें** (5)

***स्वावलंबन**

संकेत बिंदु : : • स्वावलंबन सफलता है • न केवल जीवन की बल्कि देश की प्रगति में भी सहायक

• स्वावलंबन अमूल्य धन है।

***. विज्ञान से लाभ**

1. वैज्ञानिक आविष्कार और वैज्ञानिक प्रगति 2. वैज्ञानिक आविष्कार से लाभ और हानि

3. संतुलित प्रयोग आवश्यक

***. मेरी काल्पनिक अंतरिक्ष यात्रा**

1. कब-कहाँ-क्यों? 2. अंतरिक्ष से धरती का दृश्य 3. अंतरिक्ष के रोमांचक अनुभव

**15(i). चुनाव प्रचार में देर रात तक लाउडस्पीकर से प्रचार करने के विरूद्ध शिकायत करते हुए आयुक्त को पत्र लिखिए।** *(5)*

**अथवा**

15(ii) दिल्ली परिवहन निगम के अधिकारी को बस कर्मचारियों के प्रशंसनीय और साहसिक व्यवहार की सूचना देते हुए, उन्हें सम्मानित करने का आग्रह करते हुए पत्र लिखिए।

***16. निम्नलिखित विषय पर सूचना लेखन कीजिए ।*** **(4)**

16(i) आप अपने विद्यालय के कैप्टन सतीश वर्मन हैं। किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन संबंधी सूचना सभी विद्यार्थियों को दीजिए।

**अथवा**

16(ii) आप राम वर्मा जनकल्याण सामाजिक संस्था के सचिव हैं। भूकंप पीड़ित लोगों के लिए दान एकत्रित करने हेतु एक सूचना लिखिए।

17. निम्नलिखित विषय से संबंधित विज्ञापन तैयार कीजिए। **(3)**

17(i) आपके कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है, इसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

17(ii) स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली कंपनी की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए

18. ध्वनि प्रदूषण की समस्या से अवगत कराते हुए ई-मेल लिखिए। **(5)**

**अथवा**

"सावधानी हटी और दुर्घटना घटी" कहावत के आधार पर मौलिक कथा लिखिए।

B-9

Scanned with CamScanner